Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:10 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:13 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 189 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 20 जनवरी 2025




दलपति 69 के बाद एक और फिल्म...पेज-3 पर

## पहाड़ों में हल्की बारिश के आसार, तराई में कोहरे का येलो अलर्ट

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में अब मौसम पल पल बदल रहा है। पहाड़ से मैदान तक सुबह और शाम को हाड़ कंपाने वाली ठंड हो रही है। हालांकि दिन के समय हल्की धूप राहत भी दे रही है।

वहीं, आज राजधानी दून में दिन की शुरुआत बादलों के साथ हुई। दिन चढ़ने के साथ ही हल्की धूप खिल गई। यमुना घाटी, मसूरी और कर्णप्रयाग में बादल छाए हैं। उधर, आज पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। जबकि, मैदानी



इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। जबकि, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

रविवार के तापमान की बात करें तो मैदान से लेकर पहाड़ तक मौसम साफ रहने से ठंड से राहत मिली। आंकड़ों पर नजर डाले तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक के साथ 23.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

जबकि, रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री बढ़ोतरी के साथ 10.5 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी रहा। दिन के तापमान में सबसे अधिक बढ़ोतरी नई टिहरी में रही। यहां अधिकतम तापमान सात डिग्री अधिक के साथ 20 डिग्री रहा।

## News कॉर्नर

### श्रीनगर में सीएम धामी की चुनावी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

**देहरादून।** सीएम धामी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता हमेशा ही प्रदेश का विकास रहा है। उत्तराखंड में निकाय चुनाव को लेकर प्रचार के लिए आज सीएम धामी श्रीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के लिए, जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान गढ़वाल संसद अनिल बलूनी और कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत व विधायक विनोद कंडारी भी मौजूद रहे। रामलीला मैदान में सीएम धामी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता हमेशा ही प्रदेश का विकास रहा है। आप ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं, विकास हम करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत

**नई दिल्ली।** राहुल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि कई फैसले हैं, जो कहते हैं कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कर सकता है। मानहानि की शिकायत किसी प्रॉक्सी थर्ड पार्टी की ओर से दायर नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी पेश हुए।

सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने चुनावी रैली के दौरान अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी के लिए राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले चाईबासा में अपने एक सार्वजनिक भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कथित तौर पर शाह के लिए हत्यारा शब्द का प्रयोग किया था।

**कांग्रेस प्रदेश कमेटी ने सोमवार को अपना वचन पत्र जारी किया**

## कांग्रेस ने 26 वचनों से रखा समाधान और विकास का विजन



**देहरादून**

हमारे संवाददाता

26 वचनों में पहला वचन हिमालयी ग्लेशियर पिघलने से जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ रहे प्रदूषण, तापमान में वृद्धि की दशा में काम करने का लिया है।

उत्तराखंड के सभी निकायों की सूरत बदलने के लिए कांग्रेस प्रदेश कमेटी ने सोमवार को अपना वचन पत्र जारी किया। वचन पत्र जारी करने के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, निकाय चुनाव सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुरदीप सप्पल, महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जसविंदर जोगी, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत भी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने अपने 26 वचनों में पहला वचन हिमालयी ग्लेशियर पिघलने से जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ रहे प्रदूषण, तापमान में वृद्धि की दशा में काम करने का लिया है। दूसरे वचन में उन्होंने सभी निकायों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए वॉटर प्यूरीफायर प्लांट लगाने की बात कही है। इनके अलावा मलिन बस्तियों के नियमितीकरण एवं पुनर्वास के लिए 2016 में कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए कानून को लागू करने के लिए दबाव बनाने, नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को अच्छा बनाना, निकायों में पर्यावरण सुधार के लिए मोहल्ला स्तर पर समितियां गठित करने व पौधारोपण, टैक्स प्रणाली की समीक्षा के साथ आम जनता से सुझाव लेकर उनमें सुधार किया जाना, निकालो में सीसीटीवी, निकायों की जमीन पर हुए कब्जों को हटाने सहित आदि वचन लिए गए।

## महाकुंभ का असर, वीकेंड पर नैनीताल में पर्यटकों की कमी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**असर**

- नगर के होटलों में अधिकांश कमरे खाली रह

सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड में सैलानियों की बहुत कम रही। इसकी वजह प्रयागराज महाकुंभ बताया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी सैलानियों की आमद में कमी रहने की संभावना पर्यटन कारोबारी जता रहे हैं।

इसमें दोराय नहीं कि कैंची धाम के कारण नगर का पर्यटन सालभर रहने लगा है। जिस कारण वीकेंड पर कमोवेश नगर के अधिकांश होटल पैक रहने लगे हैं। साथ ही सप्ताह के अन्य दिनों में भी आवाजाही निरंतर बने रहने लगी है। मगर इस वीकेंड पर सैलानी बहुत कम संख्या में पहुंचे हैं। रविवार को नगर के होटलों के अधिकांश कमरे खाली रहे। नगर के पर्यटन स्थल सूने नजर आए। चिड़ियाघर, केव गार्डन, स्नोव्यू, वॉटरफॉल, बॉटनिकल गार्डन समेत नगर के अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की आवाजाही बेहद कम रही। नौका विहार करने वालों की संख्या भी कम रही। नगर के अधिकांश पार्किंग स्थल खाली नजर आए। पर्यटन कारोबारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में भी सैलानियों की आमद में कमी बनी रहेगी। जिसका असर फरवरी के प्रथम सप्ताह तक देखा जा सकता है। फरवरी के दूसरे सप्ताह में आवासीय विद्यालयों का खुलना शुरू हो जाएगा। तभी सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी होने लगेगी।



## झुग्गियों में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से पाया काबे

**रानीखेत**

हमारे संवाददाता

रानीखेत के बद्री व्यू इलाके में नई बस्ती के समीप देर रात दो झुग्गियों में आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

रानीखेत के बद्री व्यू इलाके में नई बस्ती के समीप देर रात दो झुग्गियों में आग लग गई। झुग्गियों में कबाड़ रखा हुआ था, जो आग को तेजी से फैलाने का कारण बना। आग धीरे-धीरे पास के आवासीय भवनों की ओर बढ़ने लगी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने के



लिए फायर ब्रिगेड को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि झुग्गियों और कबाड़ का काफी नुकसान हुआ है। रहमत हुसैन के कबाड़ गोदाम में देर रात्रि आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर देर रात 2 बजे करीब आग पर काबू पाया गया। कबाड़ होने की वजह से आग बेकाबू हो रही थी।

## तेलंगाना में पंच केदार और बदरीनाथ मंदिर निर्माण पर बीकेटीसी ने भेजा नोटिस

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

बदरी-केदार के नाम और दोनों धामों के फोटो के इस्तेमाल करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

तेलंगाना में पंच केदार मंदिर और बदरीनाथ धाम मंदिर निर्माण पर बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) से संज्ञान लिया है। बदरी-केदार के बीकेटीसी की ओर से श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट और उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है। बदरी-केदार के नाम और दोनों धामों के फोटो के इस्तेमाल करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल की ओर से नोटिस जारी किया गया है। कहा गया



कि श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से तेलंगाना में पंच केदार मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर निर्माण के प्रचार-प्रसार में भी केदारनाथ धाम की फोटो लगाई गई है। इससे सनातन धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंची है। बीकेटीसी की ओर से तेलंगाना में बदरीनाथ मंदिर का निर्माण करने पर उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था को भी नोटिस जारी किया है। मंदिर, गर्भगृह को पूरी तरह से बदरीनाथ धाम मंदिर के प्रतिकृति के रूप में की गई। जो धार्मिक मान्यताओं, भावनाओं व सनातन आस्थाओं के खिलाफ है। बीकेटीसी ने दोनों संस्थाओं से 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है।

# कर्मचारियों के नियमितीकरण पर विचार करें: कोर्ट

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंतनगर विश्व विद्यालय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा नियमितीकरण की मांग को लेकर दायर दो दर्जन से अधिक याचिकाओं की सुनवाई के बाद पंतनगर विश्वविद्यालय व सरकार को इन कर्मचारियों के नियमितीकरण पर विचार करने को कहा है ।

पंतनगर विश्व विद्यालय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अजय कुमार व अन्य, सहित दो दर्जन याचिकाओं में कहा गया है कि वे करीब दो दशक से दैनिक वेतन के रूप में कार्य कर रहे हैं । उनकी नियमितीकरण किये जाने की मांग को लेकर दायर याचिकाओं में हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 8 नवम्बर 2023 व 28 दिसम्बर 2023 को पंतनगर विश्व विद्यालय को याचिकाकर्ताओं के नियमितीकरण के दावे पर विचार करने के लिए नियमों के अनुसार समिति का गठन करने का निर्देश दिया था । जिस पर कार्यवाही नहीं हुई । इसके अलावा दिसम्बर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने जग्गो बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में वर्षों से कार्य कर रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण किये जाने के दिशा निर्देश दिए हैं ।



इन तर्कों के आधार पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने शीतावकाश से पूर्व इन सभी रिट याचिकाओं का अंतिम रूप से निपटारा करते हुए पंतनगर विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि वह हाईकोर्ट की एकलपीठ द्वारा नवम्बर, दिसम्बर 2023 फैसले के अनुसार समिति का गठन कर प्रत्येक याचिकाकर्ता के दावे पर स्वतंत्र रूप से विचार करें। साथ ही याची इस आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से दस सप्ताह के भीतर नियमितीकरण नियमों के अनुसार नए सिरे से आवेदन करें । यदि विश्वविद्यालय रिक्तियों की कमी के कारण कठिनाई महसूस करता है तो विश्वविद्यालय अतिरिक्त पद सृजन के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने के लिए स्वतंत्र है। चूंकि राज्य सरकार भी यहां प्रतिवादी पक्ष है, इसलिए राज्य सरकार को भी निर्देश दिया जाता है कि यदि उन्हें पदों की मंजूरी के लिए विश्वविद्यालय से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो राज्य सरकार इसे ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पद बनाने और स्वीकृत करने पर विचार करे। क्योंकि ये कर्मचारी विश्वविद्यालय में पिछले दो दशकों से अधिक समय से काम कर रहे हैं।

इन निर्देशों निर्देशों व टिप्पणियों के साथ ही हाईकोर्ट ने इन कर्मचारियों के विरुद्ध पंतनगर विश्व विद्यालय द्वारा जारी सभी विवादित आदेश रद्द कर दिए हैं

**आदेश**

- दो दर्जन से अधिक याचिकाओं की सुनवाई के बाद आदेश

## NEWS / फटाफट

### युवक का शव मिला, पोस्टमार्टम को भेजा

**नैनीताल ।** जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट राष्ट्रीय राजमार्ग में रविवार को नंबर वन बैंड पर एक युवक का शव मिला जिसकी शिनाख्त जितेंद्र कुमार (36) पुत्र जगदीश लाल निवासी मल्ला बेलुवाखान के रूप में हुई। प्रारंभिक तौर पर अत्यधिक नशे में ठंड में पड़े रहने से माना जा रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक अविवाहित था। ज्योलीकोट पुलिस चौकी के चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने जानकारी देते बताया कि रविवार की प्रातः नंबर वन बैंड पर किसी अज्ञात युवक के पड़े होने की सूचना पर वह और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे, इसी बीच स्थानीय लोगों ने उक्त युवक की पहचान जितेंद्र कुमार (36 पुत्र जगदीश लाल निवासी मल्ला बेलुवाखान के रूप में की। उक्त युवक कल अपने मित्र की शादी में गया था और देर रात अपने घर को लौट रहा था समझा जा रहा है कि अत्यधिक नशे में रात भर ठंड में पड़े रहने से युवक की मृत्यु हुई है। युवक की मृत्यु से घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिवार में माता पिता और एक बड़ा भाई है जबकि दो बहिनों की शादी हो चुकी है।

### शिक्षा विभाग ए टीम और शिक्षा विभाग बी टीम



**नैनीताल।** डीएसए मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को शिक्षा विभाग ए टीम और शिक्षा विभाग बी टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इससे पूर्व शिक्षा विभाग ए की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.2 ओवर में कुल 99 रन बनाए जवाब में शिक्षा विभाग बी की टीम ने 17.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। मैच के निर्णायक दीप कुंवर और ब्रिजेश बिष्ट रहे। स्कोरर क्षितिज तथा उद्घोषक मनोज कुमार और जगदीश रहे। मुख्य अतिथि मंडी समिति के सलाहकार मनोज जोशी और डीएसए महासचिव अनिल गढ़िया ने संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान क्रिकेट महासचिव रवि प्रकाश जोशी समेत राजू हार्पर, रमेश रावत, जगदीश नेगी तथा दीप कुंवर आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जिसे हितैषी समझेंगे मतदान करेंगे:सिद्दीकी



**हल्द्वानी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी से प्रेस वार्ता करते हुए। जब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि क्या समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शुऐब अहमद ने कांग्रेस के समर्थन में अपना नाम वापस लिया था। इस सवाल पर सपा, प्रभारी अब्दुल मतीन ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि शुऐब अहमद के नाम वापसी प्रकरण से समाजवादी पार्टी के केंद्रीय एवं प्रान्तीय संगठन का कोई लेना देना नहीं है। सिद्दीकी ने कहा इस प्रशन का जवाब तो शुऐब अहमद ही दे सकते हैं। हमारी और पार्टी की नज़र में तो शुऐब अहमद ने समाजवादी पार्टी और हल्द्वानी की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। साथ ही सिद्दीकी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड निकाय चुनाव में किसी भी दल का समर्थन नहीं कर रही है।और जहां-जहां सपा. प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है। सपा.कार्यकर्ता उन्हें मज़बूती से चुनाव लड़ा रहे है।सपा.प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद अल्पसंख्यक मतदाताओं का रुझान किस ओर होगा के प्रशन पर श्री सिद्दीकी ने जवाब देते हुए कहा कि आज का मतदाता बहुत समझदार है। उन्हें भली-भाति पता है कि उनके सुख दुःख में कौन उनके साथ खड़ा होता है और कौन वर्तमान में उनके क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ क्षेत्र का विकास करा सकता है। सिद्दीकी ने कहा वर्तमान में हल्द्वानी में 10 मेयर प्रत्याशी मेदान में है। मतदाता जिसे भी अपना हितैषी समझेंगे उसके समर्थन अपना मतदान करेंगे नहीं तो चुनाव आयोग ने उनके लिए नोटा का ऑप्शन रखा है। वह लोग नोटा पर मोहर लगा सकते हैं।



## कुलपति प्रो. रावत ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने शुक्रवार को विवि के डीएसबी परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीन साइंस से जूलॉजी विभाग तक सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य तथा पुस्तकालय में ऑडिटोरियम निर्माण तथा वनस्पति विज्ञान विभाग में हाइड्रोपोनिक्स और मशरूम सेंटर की संभावनाओं का आंकलन किया। कुलपति प्रो. रावत ने छात्रावास एवं भूस्खलन से संबंधित कार्यों का भी जायजा लिया और सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने परिसर की पानी की समस्याओं को सुलझाने के लिए पानी की टंकी के निर्माण तथा न्यू आर्ट्स ब्लॉक के मंच को बेहतर बनाने का सुझाव दिया। निरीक्षण के बाद वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यवाहक डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. ललित तिवारी ने कुलपति को ड्रेसेना ट्रिफेसियेट पौधा भेंट किया। कुलपति ने वनस्पति विज्ञान विभाग के मिस्ट चैंबर और फॉरेस्ट्री विभाग के ग्रीन पॉली हाउस को भी सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफ ओ नैनीताल ने डीएसबी परिसर को ग्रीन कैंपस का प्रमाण पत्र प्रदान किया जिसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान सहायक अभियंता संजय पंत, डॉ. कपिल खुलबे, डॉ. हर्ष चौहान, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. प्रभा पंत समेत नवल किशोर बिनवाल, आनंद सिंह रावत और गणेश सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## नैनीताल में हल्के बादलों के साथ मौसम हुआ सुहावना

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी का मौसम शनिवार हल्के बादलों के साथ सुहावना बना रहा। अधिकांश समय धूप खिली रही । अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

नगर में सुबह के समय घने बादल आसमान में छाए हुए थे। दिन चढ़ने के साथ ही मौसम का मिजाज बदलता चला गया। इसके साथ ही हल्के बादलों का आना जाना शुरू हो गया और दोपहर में ताप बढ़ने से धूप में बैठना असहनीय हो गया। शाम के समय पुनः घने बादलों ने छाना शुरू कर दिया। जिस कारण ठंड में बढ़ोतरी हो गई और आग व हीटर का सहारा लेना पढ़ा। राज्य मौसम विभाग देहरादून द्वारा जारी पुरानुमान में अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। हालांकि बादलों का आना जाना लगा रहेगा। हिमपात व वर्षा की संभावना नहीं जताई गई है।

नगर के पर्यटन स्थल क्रमशः स्नोव्यू, चिड़ियाघर, वाटर फाल, केव गार्डन व हिमालय दर्शन में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही रही। मालरोड में भी रौनक रही। साथ ही बाजारों में सैलानी गिफ्ट खरीदारी करते भी दिखे। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 81 व न्यूनतम 48 प्रतिशत रही।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

## सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मालधनचौड़ का सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विनोद सिमल्टी (सचिव विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा परिषद उत्तराखंड) एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदर प्रसाद एवं ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे। इस मौके पर स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, सचिव विनोद सिमल्टी द्वारा शिविर एवं कार्यकर्मों कि सरहाना की गई तथा स्वयंसेविकायों को बोर्ड परीक्षा के बारे में विभिन्न जानकारी दी गई कि कैसे छात्रये बोर्ड में अच्छे अंकों को प्राप्त कर सकती हैं साथ ही यह भी बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयं सेविकायों किस प्रकार समाज में सुधार ला सकती है। खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद द्वारा स्वयंसेविकाओं को बताया गया कि समाज निर्माण में स्वयं सेविकाओं का क्या योगदान हैं। ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद द्वारा गौतमनगर नंबर 5 में स्वयंसेविकाओं के द्वारा किए गये कार्यों कि सराहना की गई जबकि मुख्य अतिथि विनोद सिमल्टी सचिव उत्तराखण्ड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद उत्तराखण्ड एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में प्रतिभाग करने वाली स्वयंसेविकाओं कुमारी साक्षी तथा स्मिता एवं कार्यक्रम अधिकारी बिन्दु शाह को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सपना सिंह द्वारा सभी अथितिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया गया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी बिन्दु शाह के निर्देशन में किया गया एवं सह प्रभारी नन्दनी कोहली तथा कुसुम लता, डॉ0 मीनाक्षी के द्वारा सहयोग किया गया। यहां सुरेश सिंह रावत मुख्य प्रशासनिक खण्ड शिक्षा रामनगर, त्रिभुवन सिंह वित्तीय विभाग उत्तराखंड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद उत्तराखण्ड समेत मदन कोहली, रमेश तिवारी,गीता रानी, गीता पंत, सीमा बोरा, प्रियंका टम्टा, बीना मेहरा, सीमा रानी, कुँवर राम, बबीता शर्मा और प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ सभा: भाजपा प्रत्याशी जीवंती ने मांगे वोट

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी की पालिकाध्यक्ष पद की प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ तल्लीताल स्थित मंगावली क्षेत्र में व्यापक रुप से घर-घर जाकर चुनाव प्रचार किया,इस दौरान नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया।

नुक्कड़ सभा में नगर पालिका कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं रखी जिस पर पार्टी प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने कहा कि वह सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष रखकर उनकी समस्याओं को हल किया जाएगा। इस दौरान मंगावली क्षेत्र की समस्याओं के साथ ही पूरे वार्ड की समस्याओं को प्रदीप आर्य सभासद प्रत्याशी को भी अपना आशीर्वाद देने को कहा जिससे की वार्ड का विकास भी तेज गति से हो सकेगा। नुक्कड़ सभा के बाद प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने मंगावली के बाद रामजे क्षेत्र तथा चिड़ियाघर क्षेत्र तथा नारायण



नगर क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क किया दूसरी ओर युवा भाजपा नेता मोहित आर्या के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को नाव मालिक समिति एवं नाव चालकों से मिला। समिति के अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट एवं नाव चालकों द्वारा मोहित आर्या को समर्थन पत्र भी सौंपा गया। मोहित आर्या ने भाजपा प्रत्याशी जीवंती भट्ट के समर्थन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सलाहकार मंडी समिति मनोज जोशी ने सभी समर्थकों एवं नाव चालकों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इससे पूर्व भाजपा प्रतिनिधिमंडल स्नोव्यू तथा मुख्य बाजार के व्यापारियों से भी मिला। इस दौरान हरीश सिंह राणा, विकास जोशी एवं विशाल वर्मा भी मौजूद रहे।

# अभिमत

## कट्टरपंथियों की चुनौती

*अमेरिका को गलतफहमी हो गई कि अब आतंकवादी संगठन बिखर गया है। वर्ष 2025 की शुरुआत में अमेरिका में एक के बाद एक कई आतंकी हमले हुए, इन हमलों के पीछे इस्लामिक कट्टरपंथियों का हाथ है। दरअसल अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में मुस्लिम कट्टरपंथियों की अमेरिका में एंट्री के नियम सख्त किये थे। इस्लामिक देशों से आने वालों के लिए विशेष परमिट अनिवार्य कर दिया था। कट्टरपंथी डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षा व्यवस्था की चुनौती देकर यह जताना चाह रहे हैं कि आतंकी संगठन आईएसआईएस कमजोर नहीं पड़ा है।*

आतंकवादी अलग-अलग नाम से विभिन्न देशों में हिंसा करते हैं। अमेरिका के न्यूयार्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आत्मघाती हमले के बाद अमेरिका ने आतंकवाद को खत्म करने का प्रण लिया था। अमेरिका ने सिर्फ अलकायदा संगठन के सरगना ओसामा बिन लादेन को दुश्मन नम्बर वन करार दिया और अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी, लेकिन पूरी दुनिया से आतंकवाद को खत्म करने की दिशा में प्रयास नहीं किया। ओसामा बिन लादेन अफगानिस्तान से होते हुए पाकिस्तान पहुंच गया। अमेरिका लादेन को अफगानिस्तान में ढूंढता रहा। वर्षों बाद पता चला कि लादेन को पाकिस्तान ने अपनी सेना की छावनी के निकट छिपा रखा है। पाकिस्तान ने दोगली नीति के तहत लादेन को मारने में मदद के नाम पर अमेरिका से हथियार और आर्थिक मदद ली। अमेरिका के खुफिया तंत्र ने लादेन का पता लगाकर सर्जिकल स्ट्राइक की और लादेन का खात्मा कर दिया। इसके बाद अलकायदा संगठन के आतंकी आईएसआईएस के नाम से इराक तथा सीरिया में सक्रिय हो गये। अमेरिका ने आईएसआईएस को खत्म करने के लिए मुहिम छेड़ी, लेकिन अफगानिस्तान में आतंकवादियों से मुकाबला नहीं करके सेना को वापस बुला लिया। अमेरिका को गलतफहमी हो गई कि अब आतंकवादी संगठन बिखर गया है। वर्ष 2025 की शुरुआत में अमेरिका में एक के बाद एक कई आतंकी हमले हुए, इन हमलों के पीछे इस्लामिक कट्टरपंथियों का हाथ है। दरअसल अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में मुस्लिम कट्टरपंथियों की अमेरिका में एंट्री के नियम सख्त किये थे। इस्लामिक देशों से आने वालों के लिए विशेष परमिट अनिवार्य कर दिया था। कट्टरपंथी डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षा व्यवस्था की चुनौती देकर यह जताना चाह रहे हैं कि आतंकी संगठन आईएसआईएस कमजोर नहीं पड़ा है। आईएसआईएस का मकसद इराक, सीरिया और कुछ अन्य देशों को मिलाकर इस्लामिक स्टेट बनाना है। दुनिया में कई दर्जन मुस्लिम देश हैं, इसके साथ ही यूरोप और एशिया के देशों में भी मुस्लिमों की आबादी बहुत है। इंग्लैंड, रूस, अमेरिका, भारत में मुस्लिम आबादी है। जहां-जहां मुस्लिम हैं, वहां हिंसा और धर्मांतरण की गतिविधियों में संलग्न रहते हैं। आतंकवाद को खत्म करने के लिए पूरे विश्व के देशों को एकजुट होकर रणनीति तैयार करनी होगी। अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश भी अकेले आतंकवाद को खत्म नहीं कर सकते हैं।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले के सीएमओ डॉ.हरीश चंद्र पंत के निर्देश पर जिले में मातृ मृत्यु अनुपात को कम करने हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल के मुख्य सभागार में मेटरनल डेथ सर्विलांस एवं रीस्पान्स एवं पोर्टल के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान एसीएमओ (एनएचएम) डॉ. एन0सी0 तिवारी द्वारा मेटरनल डेथ समीक्षा पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि गर्भवती होने पर या गर्भावस्था की समाप्ति के 42 दिनों के भीतर महिला की मृत्यु मेटरनल डेथ समीक्षा की श्रेणी में आती है। कहा कि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान रक्तस्राव या उच्च रक्तचाप से ग्रस्त विकार मेटरनल डेथ के लिये अधिक जिम्मेदार है। एसीएमओ डॉ. संजीव खर्कवाल द्वारा भी मेटरनल डेथ समीक्षा समय पर किए जाने की बात कहते हुए अवगत कराया कि मातृ मृत्यु के प्रत्यक्ष चिकित्सा और अप्रत्यक्ष चिकित्सा कारणों के रोकथाम में उचित कदम समय से उठाए जाने की आवश्यकता है। इस हेतु गर्भवती महिलाओ को समय से सुविधाये प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा समेत बी. एस. कराकोटी, पंकज तिवारी, सरयू नंदन जोशी, दीवान सिंह बिष्ट तथा हरेन्द्र कठायत उपस्थित रहे। सभी प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया की मातृ मृत्यु के प्रत्यक्ष चिकित्सा और अप्रत्यक्ष चिकित्सा कारणों के अलावा महिलाओं की निम्न सामाजिक व आर्थिक स्थिति तथा लैंगिक असमानता, निरक्षरता तथा शादी की कम उम्र, किशोर गर्भावस्था, परिवार नियोजन और सुरक्षित गर्भपात सेवाओं तक खराब पहुंच व गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व सेवाओं तक खराब पहुंच, प्रसव के समय कुशल उपस्थिति की अपर्याप्तता, परिवहन प्राप्त करने में कठिनाइयाँ व सुनिश्चित रेफ रल की कमी, समय पर उचित आपातकालीन देखभाल प्राप्त करने में विफ लता भी कारक होते हैं।

इस दौरान मेटरनल डेथ सर्विलांस एवं रीस्पान्स पोर्टल के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। मातृ मृत्यु के कारक देखभाल देने या लेने का निर्णय लेने में देरीए देखभाल व सुविधा पहुंचने में देरीए देखभाल प्राप्त करने में देरी आदि विषय पर भी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक समन्वयक, डी0 ई0 ओ0, सी0 एच0 ओ0, नर्सिंग अधिकारी के अलावा हरेन्द्र कठायत, मनोज बाबू तथा हेम जलाल आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन मदन सिंह मेहरा व हरेन्द्र कठायत ने किया।

## गौ तस्करों और पुलिस की मुठभेड़, दो तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून।** जंगल में ऑटो में सवार बदमाशों को पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट पर रोका तो वे भाग निकले। इस दौरान पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायर झोंक दिया।

देहरादून पुलिस की आज हरभजवाला टीस्टेट के पास गौ तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो तस्कर गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, दो दिन पहले आरोपियों ने बसंत बिहार में गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। तब से पुलिस उनकी तलाश में थी। तड़के हरभजवाला टीस्टेट के पास जंगल में ऑटो में सवार बदमाशों को पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट पर रोका तो वे भाग निकले। इस दौरान पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के गोली लगी। एक बदमाश के पैर पर और दूसरे के हाथ में गोली लगी है। पुलिस ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# पाषाण देवी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुरु

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के ठंडी सड़क स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुरु हो गया है।

धार्मिक अनुष्ठानों के चलते नगर का वातावरण दिनभर भक्तमय बना रहा। समारोह के पहले दिन स्थानीय लोगों के साथ ही नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों ने भी समारोह में प्रतिभाग किया। दूसरी ओर वार्षिकोत्सव के चलते पूरे मंदिर परिसर को बिजली की आकर्षक मालाओं से सजाया गया है।

इससे पूर्व मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन, शिव पूजन व रुद्रीभिषेक (रुद्री पाठ) हुआ जबकि अपराह्न में एक बजे से नीम करौरी बाबा जी की मूर्ति का जलाधिवास,




अन्नाधिवास के बाद सुंदरकांड शुरु हुआ जबकि शाम को सात बजे से श्री मां पाषाण देवी की पंच आरती का विशेष आयोजन किया गया।

दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों को सफल बनाने में आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी, घनश्याम जोशी व अमित डालाकोटी भक्तिभाव से जुटे रहे जबकि अनुष्ठानों में यजमान के रुप में विनोद तिवारी, शैलेंद्र चौधरी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मोहित साह, मनोज सती, पंकज भट्ट व धीरज भट्ट सपत्निक शामिल हुए। समारोह को सफल बनाने में नवीन तिवारी, राजेश मिश्रा, प्रमोद सुयाल, नवीन चौधरी, पप्पू बिष्ट, दीपक मनराल, देवांश पंत, उत्कर्ष सती, जतिन सती, भगवान सिंह बिष्ट, आयुश भंडारी,गुलशन, मंजू रौतेला,किरन साह,शोभा तिवारी,गीता पांडे,हेमा पंत, कविता सती,गीता जोशी,रोशनी व अंजलि आदि भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे।

# फिल्मी दुनिया

## दलपति 69 के बाद एक और फिल्म करेंगे विजय



*साउथ सुपरस्टार विजय दलपति ने अपनी आखिरी फिल्म, जिसका नाम अस्थायी तौर पर थलपति 69 रखा गया है, यह फिल्म जल्द ही फ्लोर पर आएगी, लेकिन उससे पहले कथित तौर पर विजय की एक और आगामी फिल्म की घोषणा हो सकती है, जिसका अस्थाई नाम दलपति 70 होगा। दलपति विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दलपति 69 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, पहले यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म को पूरी करने के बाद वह फिल्मों से संन्यास ले लेंगे, लेकिन अब जानकारी के अनुसार दलपति 70 भी आ सकती है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है। कथित तौर पर पिछले साल विजय ने अपने प्रशंसकों से कहा था कि दलपति69 के सिनेमाघरों में आने के बाद वह फिल्में छोड़ देंगे और सक्रिय राजनीति में अधिक समय बिताएंगे। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दलपति 69 के बाद दलपति70 में भी नजर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह विजय के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। तमिल प्रोडक्शन हाउस 7 स्क्रीन स्टूडियो, जिसने विजय की मास्टर और लियो को बनाया था, दलपति 70 को बनाएगा। कहने की जरूरत नहीं है कि विजय के प्रशंसक चल रही चर्चा से बहुत खुश हैं, और वे इस आगामी परियोजना के बारे में आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

### विजय 70वीं फिल्म में अभिनय करने पर कर रहे विचार

*पिछले कुछ दिनों से, अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय अपनी 70वीं फिल्म में अभिनय करने पर विचार कर रहे हैं। जाहिर है, अभिनेता ने अपने द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम (तहज्ञ) निर्देशक वेंकट प्रभु से अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए स्क्रिप्ट लिखने के लिए कहा है। विजय एच विनोथ के निर्देशन में बहुप्रतीक्षित दलपति 69 पर काम कर रहे हैं। यह फिल्म बालकृष्ण की सुपरहिट पारिवारिक ड्रामा भगवंत केसरी की आधिकारिक रीमेक बताई जा रही है। यह फिल्म 17 अक्टूबर, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।*

# किशोर-बालिकाओं हेतु कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज मालधनचौड़ में किशोर बालिकाओं हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें किशोर अवस्था से संबंधित परिवर्तनों एवं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वक्ताओं द्वारा अपनी बातें रखी गई।

कार्यशाला में डॉ. मेघा डॉ खुशबू तथा सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह मलधन चौकी द्वारा विभिन्न जानकारियां दी गई। डॉ मेघा एवं खुशबू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलधनचौर ने छात्राओं में किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों तथा किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं का किस तरह से समाधान करें यह बताया गया तथा जबकि धर्मेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि आजकल होने वाले साइबर क्राइम से किस तरह बचा जा सकता है और नशा मुक्ति के लिए क्या करना है तथा छात्राएं किस तरह अपने आप को सुरक्षित रखती हैं तथा अपने क्षेत्र में नशा उन्मूलन के लिए क्या कर सकते है और कैसे बच सकते है बताया उनके लिए कौन.कौन सी सुविधाएं पुलिस द्वारा दी गई हैं। कार्यशाला में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रनगर की छात्राएं तथा जी आईसी मालधनचौर की छात्राएं एवं पीएम श्रीपीएमजीजीआईसी मलधन चौर की 60 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं द्वारा कई तरह की परेशानियां भी वक्ताओं से पूछी गई तथा उनके द्वारा उनका समाधान भी किया गया। कार्यशाला में प्रधानाचार्या सपना सिंह ने भी बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाली परेशानियों एवं परिवर्तनों के बारे में बताया तथा किस तरह से बालिकाएं अपने आप को सुरक्षित रख सकती हैं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती बिंदु साह ने किया। इस दौरान डॉ. मीनाक्षी, सीमा, तबस्सुम, नंदिनी कोहली, सीमा रानी, सीमा बोरा, प्रियंका ,बीना मेहरा, बबीता शर्मा व कुंदर राम व प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### युवा कांग्रेसी नेता कैलाश मिश्रा ने थामा भाजपा का दामन

**नैनीताल।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ युवा कांग्रेसी नेता एवं पूर्व में समाजवादी पार्टी से विधायक प्रत्याशी रहे और व्यापारी नेता कैलाश चंद्र मिश्रा ने विधायक सरिता आर्या, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत तथा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, महामंत्री मोहित लाल साह और नगर पालिका परिषद नैनीताल की भाजपा प्रत्याशी जीवंती भट्ट की मौजूदगी और समर्थन में भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा। मिश्रा ने कहा कि नैनीताल की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार नैनीताल नगर पालिका में तीसरे इंजन की सरकार बनना तय है। इस मौके पर जगदीश चंद्र बवाड़ी, पूरन सिंह मेहरा,किशन चंद्र पांडे,भानु पंत,कमलेश ढौंडियाल,योगेश रजवार, विक्रम सिंह रावत, मोहित आर्या, अरविंद सिंह पडियार, मनोज जोशी, दया किशन पोखरिया तथा भूपेंद्र सिंह बिष्ट समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

SANWAL SENIOR SECONDARY SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL
(Affiliated to CBSE Delhi)
Email : sanwal_school@rediffmail.com
Phone : 05942-235747,
WhatsApp : 9837028277

शीघ्र आवश्यकता
ड्राइवर एवं आया

ड्राइविंग लाइसेंस, 2 साल का कार्य अनुभव, शारीरिक रूप से स्वस्थ इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य से अपने पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, बायोडाटा के साथ 24 जनवरी शुक्रवार 2025 समय प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक। जानकारी एवं फोटो व्ट्सएप नम्बर पर भेज सकते हैं। केवल चुने हुए व्यक्तियों को ड्राइविंग टेस्ट/ साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए बुलाया जाएगा।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की मासिक बैठक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन हल्द्वानी शाखा की मासिक बैठक अरुणोदय धर्मशाला में लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक का संचालन श्री विजय तिवारी द्वारा किया गया ।

आज की बैठक में पेंशनर्स संगठन के वार्षिक उत्सव के व्यय ब्यौरे पर चर्चा और व्यय समीक्षा कर इसकी पुष्टि की गई। इसके अतिरिक्त सदन द्वारा पेंशनर्स राशिकरण कटौती पर माननीय कोर्ट में चल रहे वाद की पैरवी पर चर्चा कर सदन को अवगत कराया गया कि 10 लोगों के वाद की तैयारी चल




रही है तथा 05 का वाद दायर हो चुका है। इस प्रकार 15 लोगों के वाद का प्रकरण न्यायालय मे गतिमान है । माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि जो लोग वाद दायर नहीं करना चाहते हैं, वह विचार करके अपना निर्णय श्री भुवन पांडे जी को अवगत कराये। अध्यक्ष जी ने यह भी अवगत कराया कि वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल माह फरवरी 2025 में 03 वर्ष का हो जाएगा । अतः नई कार्यकारी की गठन की तैयारी हेतु चर्चा की जाएगी। और एक मजबूत कार्यकारिणी का गठन करने हेतु आप सभी तैयार रहे। आज की बैठक मे राजेंद्र बोरा, डी डी पाठक, श्याम सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह गोनिया, भुवन चंद पांडे भुवन पांडे, कुंदन सिंह बंगारी,आनंद पाठक, के डी मिश्रा डी के पंत, नवीन चंद जोशी, चंद्रशेखर मंगली आदि उपस्थित रहे।

## अधूरी तैयारियों पर खेल मंत्री भड़की

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय खेलों की अधूरी तैयारियों पर खेल मंत्री रेखा आर्या का पारा चढ़ गया। अल्मोड़ा स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए उनके साथ आए खेल उपनिदेशक को उन्होंने कड़ी फटकार लगाई।

राष्ट्रीय खेलों की अधूरी तैयारियों पर खेल मंत्री रेखा आर्या का पारा चढ़ गया। अल्मोड़ा स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए उनके साथ आए खेल उपनिदेशक को उन्होंने कड़ी फटकार लगाई। मंत्री ने सख्त लहजे में कहा कि कौन कहेगा कि यहां राष्ट्रीय प्रतियोगिता होने वाली है। उन्होंने चेतावनी देते हुए अधिकारियों से कहा कि दो दिन के भीतर काम होने जाने चाहिए।

# प्रॉपर्टी डीलर पर लगाया लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा अपने पुराने मित्र और उनके परिवार से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में प्रकाश चन्द्र दानी पुरानी आई.टी. आई बरेली रोड गौजाजाली बिचली दानी विहार लेन -4 ने कहा है कि हल्द्वानी में प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करने वाला मोरारजी नगर निवासी अखिलेश चन्द्र भारद्वाज ने पिछले 10-12 वर्षों से उसके और उसके परिवार के साथ दोस्ती और पारिवारिक संबंध बनाए थे। आरोपी ने आर्थिक संकट का हवाला देते हुए उससे अपनी भूमि 40 लाख रुपये में बेचने का वादा किया था। इस वादे के आधार पर पीड़ित ने अपनी राशि का भुगतान किया और कुल 29 लाख रुपये आरोपी को चुकाए, जिनमें से 16.10 लाख रुपये नेट बैंकिंग के माध्यम से और 3.90 लाख रुपये नकद दिए गए। साथ ही, उन्होंने रजिस्ट्री और बैनामा के लिए एक साल छह महीने का समय तय किया था। इस बीच मई में जब पीड़ित ने रजिस्ट्री के लिए शेष राशि की मांग की तो आरोपी ने असमर्थता जताई और जून में तीन चेक दिए, लेकिन जब इन्हें बैंक में प्रस्तुत किया गया, तो ये चेक बाउंस हो गए।

आरोपी ने इसके बाद 10 लाख रुपये के चेक और प्रार्थी की पत्नी से 5 लाख रुपये के चेक भी लिए, लेकिन वे भी अनादरित हो गए। आखिरकार पीड़ित ने आरोपी से अपने रुपये की वापसी की मांग की, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की।

अब यह जानकारी सामने आई है कि आरोपी अखिलेश चन्द्र भारद्वाज अपने घर से फरार हो गया है और उसने प्रार्थी और उसके परिवार के लाखों रुपये हड़प लिए हैं। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आल्टो कार से 1.206 किलो चरस बरामद

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने हैड़ाखान रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक आल्टो कार से 1.206 किलो चरस बरामद की है। इस मामले में कार चालक को गिरफ्तार किया। मामले का खुलासा करते हुए एसपीसिटी ने बताया कि काठगोदाम थाना पुलिस वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इस बीच कार चालक ने गाड़ी को वापस मोड़ने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में कार से पुलिस को चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान बचीराम पुत्र रामलाल, निवासी ग्राम सलियाकोट, कश्यालेख, जिला नैनीताल के रूप में हुई है। बरामद चरस का वजन 1.206 किलो पाया गया। अभियुक्त ने बताया कि वह यह चरस खनस्यूं हैड़ाखान के प्रेम सिंह से लेकर आया था, हालांकि वह फोन नंबर नहीं बता सका। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और चरस को जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी से इस कारोबार से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां भी जुटाई हैं। जिनके आधार पर पुलिस अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# नियमितीकरण को 198वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण कट ऑफ डेट 2024 नियमावली शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 198वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने गुरना देवी मंदिर परिसर में नवनिर्मित वाटिका में पौधा रोपण किया । वहीं आगामी 21 जनवरी को आंदोलन के 200 दिन पूरे होने से पूर्व लगाए जाने वाले 200 पौधों के लिए नई वाटिका का निर्माण भी किया गया। उन्होंने कहा कि आंदोलन के 200 वे दिन पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के द्वारा 200 पौधों का रोपण किया जाएगा। वही समूचे कुमाऊं व गढ़वाल मंडल की इकाइयों के परिसर में 2000 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है । पौधारोपण कार्यक्रम में शेर सिंह, हर सिंह, वेद प्रकाश, भगवान सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपक तथा नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।



# आलूखेत हिमालय रिट्रीट होटल में आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सहज योग संस्था के तत्वावधान में रविवार को नगर के समीपवर्ती ग्राम आलूखेत के हिमालय रिट्रीट होटल में आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था के कर्नल वीरेंद्र तिवारी ने परम पूज्य श्री माता निर्मला देवी के बताए योग व उसके गुणों को ग्रामीणों के समक्ष रखा। कर्नल तिवारी ने बताया कि कुंडली जागरण योग एक मात्र ऐसी विधि है जिसके प्रयोग से जीवन की बड़ी समस्याओं जैसे शारीरिक व सामाजिक का निदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आज कल की जीवन शैली के हिसाब से मनुष्य अपने शारीरिक व सामाजिक दोनों जीवनों में समस्याओं से घिरा है ऐसे में कुंडली जागरण योग विधि से वह काफी हद कर स्वस्थ व सामाजिक तालमेल को बेहतर बना सकता है। वहीं तृप्ति तिवारी ने भी ग्रामीण महिलाओं को इस कला से रूबरू कराते हुए बताया कि जीवन में हो रही तनाव व अन्य प्रकार की समस्याओं को इस योग विधि के माध्यम से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर वीके मिश्रा, निवर्तमान श्रेत्र पंचायत सदस्य सनी कुमार, सहज योग संस्था से अपराजिता कुमार, रेनू आगरी, वंदना, ज्योत्सना, कृतिका, दिव्या, चित्रांशी तथा विशाखा वही ग्रामीणों में आशा देवी, महेश, विद्या देवी, राखी देवी, आंचलए सुरेन्द्र कुमार व संतोष कुमारए समेत अन्य लोग मौजूद थे। संचालन बीडी पांडे के चिकित्सक सर्जन डॉक्टर वी के मिश्रा ने किया।



## सूचना

मेरे पुत्र युवराज ने दसवीं की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से सन 2024 में जिसमें उसका अनुक्रमांक 25138185 से उत्तीर्ण करी है। युवराज की दसवीं सीबीएसई की अंकतालिका में त्रुटिवस नाम युवराज अंकित हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम युवराज राजपूत है। भविष्य में वह युवराज राजपूत के ही नाम से जाना जाएगा। - **विनोद कुमार पुत्र श्री रज्जन सिंह, निवासी- देवभूमि कालोनी मानपुर पश्चिम, तहसील-हल्द्वानी, जिला- नैनीताल।**

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस परेड का पूर्वाभ्यास

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में रविवार से गणतंत्र दिवस के मौके पर डीएसए मैदान में आयोजित होने वाली पुलिस परेड का पूर्वाभ्यास शुरु कर दिया है।

बता दें अबकी बार गणतंत्र दिवस समारोह में 8 टोलियां पुलिस विभाग और 1 एनसीसी की टोली हिस्सा लेंगी। परेड की तैयारी के संबंध में सीओ सुमित पांडे ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से परेड की प्रैक्टिस शुरू कर दी गई है।

अभ्यास में यातायात पुलिस, सशस्त्र सेना पुलिस, पीएससी, सिविल पुलिस, पीएससी महिला व सिविल महिला व फ ायर ब्रिगेड और



एनसीसी की टोलियां शामिल रहेंगी। ये प्रैक्टिस 21 जनवरी तक चलने के बाद 25 जनवरी को रिहर्सल किया जाएगा।

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह भंडारी, रमेश नेगी, आरआई भगवत सिंह राणा समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। गणतंत्र दिवस की तैयारी में प्रशासन पूरी तत्परता से जुटा हुआ हैए ताकि 26 जनवरी को आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से हो सके।

# कांग्रेस प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल का प्रचार तेज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रकाश जोशी ने रविवार को नैनीताल पहुंचकर पालिकाध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी डा.सरस्वती खेतवाल के लिए प्रचार किया।

इससे पूर्व जोशी ने मल्लीताल पार्टी कार्यालय में हुई वार्ता में कहा कि भाजपा तुष्टीकरण की राजनीति कर लोगों को धर्म के आधार पर बांट रही है। जिसके प्रतिकूल प्रमाण देश भर में देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि



कांग्रेस देश की आजादी के आंदोलन तथा उसके बाद देश की सत्ता संभालने से लेकर आज तक सभी को साथ लेकर चली है। तंज कसा कि प्रदेश सरकार की अपनी कोई उपलब्धि नहीं है इसलिए वह स्थानीय मुद्दों के चुनाव पर भी राष्ट्रीय मुद्दे गिना रही है। राष्ट्रीय खेलो की मेजबानी का पर पीठ थपथपा रही भाजपा पर निशाना साधा कि वह कांग्रेस द्वारा बनाए गए स्टेडियम पर ही खेल गतिविधियां करवा रही है। देश भर में महंगाई तथा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महिला सुरक्षा को लेकर लोगों में भाजपा के प्रति आक्रोश है। इस मौके पर पार्टी प्रत्याशी डॉ.सरस्वती खेतवाल, डीपीएस खेतवाल, डॉ. रमेश पांडे, पीके शर्मा, अनुपम कबडवाल, रईस भाई, भावना भट्ट तथा मुन्नी तिवारी आदि रहे।